## महत्वपूर्ण एवं खास

### बैडमिंटन हॉल रायगढ़ में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 21 को

**रायगढ़।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जिला रायगढ़ में बैडमिंटन खेल के खेलो इण्डिया लघु केन्द्र प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें कुल 15 बालक एवं 15 बालिका खिलाडिय़ों का चयन कर नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिनका चयन ट्रायल 21 फरवरी 2023 को शाम 4 से 6.30 बजे तक रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर के बैडमिंटन हाल में आयोजित किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल में 13 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 20 फरवरी को

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 20 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। पूर्व में यह बैठक 17 फरवरी को निर्धारित थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए यह बैठक अब 20 फरवरी को निर्धारित की गई है।

### टीबी मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी जॉच एवं आउटकम वेलीडेसन का किया गया कार्य

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार तथा डॉ.जयकुमारी चौधरी, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी रायगढ़ एवं सुश्री रंजना पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम जिला रायगढ़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सुरेश कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम समन्वयक टीबी कार्यक्रम, सुमन पॉल, टीम लिडर द यूनियन एवं प्रमिला साहू, एस.टी.एस. टीबी कार्यक्रम तथा कु.सुदेवी, एल.टी.बी.आई.सी.के द्वारा विकासखण्ड खरसिया में टीबी पॉजिटीव मरीजों के घर में भ्रमण किया गया तथा परिवार के सदस्यों का आउटकम वेलीडेसन किया गया एवं टीबी बीमारी से बचाव हेतु जानकारी देकर टी.पी.टी. थेरेपी दिया गया।

### दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत, दो की मौत

**बालोद (आरएनएस)।** बालोद जिले में महामाया थाना क्षेत्र में दर्दनाक सडक़ हादसा में दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत हो गई है। जिसमे दो लोगों की मौत हो गई है, वही 4 लोग घायल हो गए है। घटना सोमवार मंगलवार दरमियानी रात्रि की बताई जा रही है। बालोद जिले के महामाया थाना क्षेत्र अंतर्गत बम्हनी कोपेडेरा मार्ग पर हुई घटना में घायलों को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, संदीप कुमार उत्तर बस्तर कांकेर के ग्राम परेंकोड़ो निवासी नलकसा से मंड़ई देखकर अपने गाँव लौट रहा था।इसी दौरान ग्राम बम्हनी से अपने गाँव कोपेडेरा जा रहे संतराम की मोटरसाइकिल के साथ भिड़ंत हो गई जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा कि दो मोटरसाइकिल में 6 लोग सवार थे जिसमें 4 लोग घायल हुए जिन्हें उपचार के लिए तत्काल 108 की मदद से उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाया गया।

### दो ट्रक आपस में भिड़ी, चालक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** मेटल पार्क रावाभाठा के पास ट्रक चालक ने खड़ी ट्रक को टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक चालक घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आंध्रा रोड लाइनस सिरकटी बिलासपुर निवासी प्रार्थी अल्लम सेठी वेरावेकट सुब्रमणयम 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 07 एलए 6698 के चालक ने बिना संकेत अपनी वाहन को रावाभाठा मेटल पार्क के पास खड़ी किया था, तभी प्रार्थी के ट्रक जाकर उससे टकरा गया। जिससे प्रार्थी घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 283, 337 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** अभनपुर स्थित श्रीराम धरमकांटा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लालजी साहू 70 वर्ष ग्राम कोटगांव धमतरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 सी 3626 से कहीं जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन न हो, नियुक्ति के लिए तत्काल बनाए ऑर्डर- कलेक्टर

- लंबे समय से कार्य में अनुपस्थित शिक्षकों की सेवा समाप्ति की करें कार्यवाही
- शिक्षकों को समय में स्कूल आने के दिए निर्देश
- धरमजयगढ़ और लैलूंगा के स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के दिए निर्देश
- जिले के 182 स्कूलों का जीर्णोद्धार के लिए हुआ टेंडर, कलेक्टर सिन्हा ने कहा प्राप्त राशि का हो समुचित उपयोग
- जाति प्रमाण पत्र में प्रगति लाने बीईओ को दिए निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा की धरमजयगढ़ एवं लैलूंगा विकासखंड में कई स्कूल शिक्षक विहीन है अथवा एकल शिक्षक है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, उन स्कूलों के लिए तत्काल ऑर्डर बना कर शिक्षक नियुक्त करने के निर्देश डीईओ को दिए। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने विकासखण्ड स्तर पर शिक्षकों के स्वीकृत पदों एवं उपलब्ध शिक्षकों की जानकारी ली। समीक्षा में उन्होंने पाया की कई शिक्षक लंबे समय से सेवा में अनुपस्थित है, ऐसे शिक्षकों की सेवा समाप्ति की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने मरम्मत योग्य स्कूलों की जानकारी ली। डीईओ ने जानकारी देते हुए बताया कि जीर्णोद्धार आवश्यकता वाले स्कूलों का पोर्टल में प्रविष्टि किया जा चुका है एवं परीक्षण उपरांत 182 विद्यालयों का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर सिंह ने शेष अन्य स्कूलों के लिए टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की अगले सत्र से सभी शासकीय स्कूल बेहतर हो जाने चाहिए, ताकि उन स्कूलों में बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश/हिंदी स्कूलों की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों एवं आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी बीईओ को बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रत्येक स्कूलों में मेन्यू चार्ट अंकित होने के साथ नियमित मध्यान्ह भोजन बच्चों को मिलती रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने चिन्हांकित बालवाड़ी का मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा की सरकार स्कूलों की अधोसंरचना बनाने का कार्य कर रही है। शिक्षक का मुख्य कार्य शिक्षा देना है, शिक्षक समय में स्कूल आए और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। उन्होंने विभिन्न ब्लॉकों में संचालित यूथ सेंटरों एवं उपस्थित बच्चो की जानकारी ली, बीईओ ने बताया की बच्चों की संख्या अच्छी है तथा बच्चे रुचि पूर्वक पढ़ाई कर रहे है। इस दौरान उन्होंने समावेशी शिक्षा, सीख कार्यक्रम एवं महतारी दुलार योजना की जानकारी ली, विभागीय अधिकारी ने बताया कि महतारी दुलार योजनान्तर्गत कुछ छात्रों के खाते में त्रुटि होने के कारण राशि नही भेजा गया है। कलेक्टर सिन्हा ने त्रुटि सुधार कर राशि भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग अंतर्गत संचालित छात्रावास एवं आश्रमों, ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, सामुदायिक वन अधिकार पत्र सहित अन्य योजनाओं के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। सहायक आयुक्त आदिवासी ने जानकारी देते हुए बताया कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों के अंतर्गत जिले में 248 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह स्वीकृत आवेदन का 93 प्रतिशत वर्ष 2022-23 में ऑनलाईन छात्रवृत्ति स्वीकृत किए गए है। 11 हजार 525 अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को पट्टा वितरण किया गया है। इसी प्रकार जिले में 8 मॉडल छात्रावास पर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने स्कूल वाहनों के दुर्घटनाओं के संबंध में चर्चा की। जिस पर संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त ने कहा कि फिटनेस चेक अप के अभाव में स्कूल वाहनों की दुर्घटना होती है। जिला परिवहन अधिकारी ने समस्त बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि ब्लाक अंतर्गत आने वाले स्कूल संचालकों को वाहनों का फिटनेस जांच कराने हेतु निर्देश दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा की जो बच्चे स्कूल आने लिए दोपहिया वाहन का उपयोग करते है, उनको लाइसेंस के लिए कार्यालय भेजे अथवा शिविर के माध्यम से लाइसेंस बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक आयुक्त आदिम जाति अविनाश श्रीवास सहित समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**पेंशन, पद्दोन्नति जैसे प्रकरणों का सहानभूति पूर्वक करें निराकरण**

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हर माह पेंशन, पदोन्नति, क्रमोनती जैसे प्रकरण आते है, उन्हें विभागीय अधिकारी सहानुभूतिपूर्वक निराकरण करें, ऐसे शिक्षकों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्हे समय पर में उसका लाभ प्रदान करें जिससे वे अनावश्यक परेशानियों से बच सके।

**बच्चों का करें काउंसिलिंग, स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा की करवायें तैयारी**

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि परीक्षा के मद्देनजर बच्चे दबाव की स्थिति में आ जाते है, ऐसे बच्चों का काऊंसिलिंग करते हुए उनसे बात करें। उनका परीक्षा से संबंधित डाउट क्लीयर करें, ताकि उन्हें परीक्षा के अनावश्यक दबाव से निकाला जा सके। कलेक्टर सिन्हा ने शिक्षकों को परीक्षाओं की बेहतर ढंग से तैयारी करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि परीक्षा समाप्त होने के पश्चात बच्चों को फिजिक्स वाला की तर्ज पर स्थानीय स्तर पर जेईई, नीट जैसे विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवायें।

# शेड निर्माण के लिए रखे लोहे की 150 नग पाइप की चोरी, 24 घंटे के भीतर पूरे सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से पाइप चोरी कर ले जाने में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त, तमनार पुलिस ने आरोपी को भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** थाना तमनार में ग्राम कुंजपुरा के सरपंच जयपाल भगत (उम्र 52 वर्ष) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम मुड़ागांव में शेड निर्माण के लिए रखा लोहे का 150 नग पाइप को 13 फरवरी से 15 फरवरी के बीच कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। थाना प्रभारी तमनार द्वारा रु.80,000 कीमती 150 नग लोहे की पाइप चोरी के संबंध में अज्ञात आरोपी पर चोरी का अपराध दर्ज कर थाने के स्टाफ को माल मुलजिम पतासाजी का निर्देश दिए। थाने के स्टाफ द्वारा क्षेत्र में सक्रिय अपने मुखबिर से जानकारी लेना प्रारंभ किया गया जिस पर जानकारी मिली की बरभांठा चौक, तमनार के गणेश राम उरांव, चोरी में शामिल हो सकता है। थाना प्रभारी के निर्देशन पर गणेशराम उरांव को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिसने मुंडागांव के डूलामणी यादव के साथ मिलकर पिकअप वाहन से लोहे का 150 नग पाइप चोरी कर अपने घर में छुपा कर रखना बताया। आरोपी के कब्जे से पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 ए.ए. 5116 और 150 नग लोहे की पाइप जप्त किया गया है। आरोपी डूलामणी यादव के घर पुलिस टीम दबिश दी डूलामणी यादव फरार है, प्रकरण में एक से अधिक आरोपी होने से धारा 34 आईपीसी विस्तारित कर गिरफ्तार आरोपी गणेश राम उरांव पिता स्वर्गीय बुटिया राम उरांव उम्र 60 वर्ष निवासी बरभांठा चौक तमनार थाना जिला रायगढ़ को चोरी के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक नरसिंह नाथ यादव, प्रधान आरक्षक पारसमणि बेहरा, देव प्रसाद राठिया, संतोष कुर्रे, आरक्षक भूपेश राठिया की सराहनीय भूमिका रही है।

# धीमी सड़क निर्माण पर कलेक्टर ने जताई गहरी नाराजगी

- सड़क निर्माण कार्यों में गति बढ़ाने के दिए निर्देश
- निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल करें सूचित, समस्या का होगा निराकरण
- सड़क निर्माण कार्य में संलग्न विभागों एवं ठेकेदारों ली संयुक्त बैठक
- कलेक्टर सिन्हा ने की साप्ताहिक प्रगतिरत सड़क कार्यों की समीक्षा



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे है। इसी क्रम में बीते दिवस वे अपने दौरे के दौरान निर्माणाधीन सड़कों का स्वयं गाड़ी से उतरकर अवलोकन किया था और संबंधित ठेकेदारों को कार्यों में आवश्यक गति बढ़ाने के निर्देश दिए थे, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर सिन्हा ने कल कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क निर्माण कार्यो से जुड़े विभागों एवं ठेकेदारों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख सड़कों के निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने की जरूरत है, ताकि आगामी बारिश से पूर्व ही सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। बैठक के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों द्वारा जिले में करवाए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की सड़कवार समीक्षा की। उन्होंने रायगढ़ कोतरारोड से बरमुड़ा, खरसिया से छाल से हाटी से धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग, रायगढ़ से धरमजयगढ़ मार्ग, जामपाली-घरघोड़ा, घरघोड़ा से पूंजीपथरा मार्ग व घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग जैसे जिले के विभिन्न हिस्सों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यो की जानकारी ठेकेदारों से ली।

कलेक्टर सिन्हा ने समीक्षा के दौरान कई सड़को के लक्ष्य अनुसार निर्माण कार्य की प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ठेकेदारों को मशीनों की संख्या बढ़ाकर सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा की सड़क निर्माण कार्य के दौरान निर्माणाधीन स्थान में दिक्कतें आती है तो तत्काल सूचित करें, जिससे उसका समय में निराकरण किया जा सके, ताकि कार्य प्रभावित न हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए मटेरियल से संबंधित दिक्कतें होने पर जिला प्रशासन द्वारा सहयोग किया जायेगा। इसके अलावा निर्माण कार्य के दौरान स्टापेज हेतु आवश्यकता अनुसार पुलिस बल की सहयोग प्रदान की बात कही, जिससे निर्माण कार्य की गति व गुणवत्ता बनी रहे।

इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने पीएमजीएसवाई, नेशनल हाईवे, एडीबी विभाग के कामकाज की भी समीक्षा की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खाम्बरा सहित पीएमजीएसवाई, नेशनल हाईवे, एडीबी, सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वारंटी पतासाजी दौरान जूटमिल पुलिस के हाथ आए दो शातिर चोर

- आरोपियों से चोरी का एक लैपटॉप, 4 मोबाइल, 10 सिलेंडर व एक मोटरसाइकिल बरामद



**रायगढ़।** थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर वारंटिओं का पतासाजी के लिए थाने के विवेचकों की टीम बनाया गया है। आज सुबह वारंटी पतासाजी के लिए कोतवाली थानाक्षेत्र के धांगरडिपा गई जूटमिल पुलिस स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिला कि धांगरडिपा का कैलाश यादव और राजा उर्फ मानू सोनी दोनों देर रात तक साथ घूमते हैं, अवश्य ही दोनों चोरी की बाइक वगैरह घर में छुपा कर रखे हुए हैं। जूटमिल पुलिस ने दोनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर दोनों जूटमिल क्षेत्र के कैदीमुड़ा, सोनियानगर सहित शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ढिमरापुर व विभिन्न स्थानों में चोरी करना बताए जिन्हें पुलिस स्टाफ हिरासत में लेकर थाना जूटमिल लाया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ करने पर आरोपी बताए कि दोनों एक साथ घूमा करते हैं, करीब डेढ़ माह पहले दोनों मिलकर मोटरसाइकिल से कैदीमुड़ा वाजपाई टेंट हाउस की ओर गए थे जहां एक सुनसान घर का ताला प्लास से तोड़कर घर अंदर रखे डेल कंपनी का लैपटॉप, किचन में रखे एचपी सिलेंडर और दो बैग एक काला और एक गुलाबी बैग जिसमें फाइल रखे थे चोरी किए हैं और इसी साल जनवरी, फरवरी माह में सोनियानगर के एक मकान से मोबाइल, हाउसिंग बोर्ड स्टेडियम के पास मकान से एक मोबाइल और चक्रधरनगर हाउसिंग बोर्ड और ढिमरापुर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मकान से करीब 9 सिलेंडर की चोरी कर रखे हैं जिसे दोनों आरोपी आपस में बांट लिए थे। आरोपी कैलाश यादव के पास से 02 मोबाइल, 07 नग एचपी सिलेंडर और घटना में प्रयुक्त प्लास जप्त किया गया है तथा आरोपी राजा उर्फ मानू सोनी से एक लैपटॉप, एक फाइल जिसमें अंकसूची व कागजात वगैरह रखे हैं, 03 गैस सिलेंडर और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 13 एन- 3879, 02 मोबाइल जप्त किया गया है। आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से चोरी के कुछ सामानों को केलो नदी में फेंक देना बताए हैं। कैदीमुडा के चोरी मकान में चोरी के संबंध में थाना कोतवाली (जूटमिल) में नकबजनी का अपराध क्रमांक 28/2023 धारा 457, 380 आईपीसी दर्ज किया गया है। आरोपियों से जप्त 9 सिलेंडर पर पृथक से धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल और थाना जूटमिल की संयुक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, आरक्षक बनारसी सिदार, विनय तिवारी, धनुर्जय चंद बेहरा, साइबर सेल आरक्षक प्रशांत पंडा, विकास प्रधान, पुष्पेंद्र जटवार, पुष्पेंद्र मराठा, सुरेश सिदार और प्रताप बहरा की अहम भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी -**

(1) कैलाश यादव पिता मानिक यादव उम्र 30 साल निवासी बाउलीकुंआ धांगरडिपा, थाना कोतवाली

(2) राजा उर्फ मानू सोनी पिता फूलचंद सोनी उम्र 25 साल बाउलीकुंआ धांगरडिपा, थाना कोतवाली

**बरामद चोरी के सामान-**

एक डेल कंपनी का लैपटॉप, 4 मोबाइल, 10 सिलेंडर, एक मोटरसाइकिल सीजी 13 एन- 3879

# गोवा में आयोजित नेशनल अर्बन गेम्स में छत्तीसगढ़ के 75 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

- खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण समेत 10 पदक जीते

**कोरबा (आरएनएस)।** गोवा में आयोजित नेशनल अर्बन गेम्स में छत्तीसगढ़ के 75 खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया। जिसमें ड्रेगन मार्शल आट्र्स एंड किक बाक्सिंग क्लब ;डीएमसीद्ध कोरबा के खिलाडिय़ों ने 6 स्वर्ण व 4 रजत पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

प्रतियोगिता में देश भर से 900 खिलाड़ी भाग लिए। जिसमें कोरबा जिला से टीम के कोच राजेन्द्र निर्मलकर, डीएमसी के खिलाड़ी फरहान रजा ने रजत पदक, अथर्व शर्मा स्वर्म, मनीष पाण्डेय स्वर्ण पदक, दिव्यांश सारथी रजत, कृष्णा यादव स्वर्ण पदक, आयुष रजक रजत पदक, पूर्णा चौहान रजत पदक, हार्दिक दुरेजा स्वर्ण पदक, मोहन प्रसाद स्वर्ण पदक हासिल किए।

प्रतियोगिता से वापस लौटने पर इन खिलाडिय़ों को अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर ऐम्योचोर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक प्रसाद, डीएमसी के जिला अध्यक्ष विकास झा, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजपूत, सहसचिव राजेश मिश्रा, किकबॉक्सिंग कोच अजीत शर्मा, सह सचिव महेश देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेश बरेठ आदि ने पदक विजेता खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित किया।

# गांवों और ग्रामीणों के विकास पर केन्द्रित है शासन की विभिन्न योजनाएं -उच्चशिक्षा मंत्री

- उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने विभिन्न ग्रामों में किया जनसंपर्क





**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज रायगढ़ विकासखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। अपने उद्बोधन में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने कहा कि हमारी सरकार गांव और ग्रामीणों के विकास पर केन्द्रित विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। जिससे किसान, गरीब, श्रमिक तथा अन्य वर्ग लाभान्वित हो रहे है। सबसे पहले किसानों की कर्जमाफी का फैसला लिया गया। इसके बाद धान की समर्थन मूल्य में खरीदी के साथ आदान सहायता से किसानों को 1 क्विंटल का 2500 रुपए कीमत मिला। पिछले चार सालों से लगातार किसानों को धान के लिए इनपुट सब्सिडी मिल रही है। पूरे देश में सबसे अधिक कीमतें हमारे छत्तीसगढ़ में ही मिल रही है।

इसके साथ ही भूमिहीन श्रमिकों को भी आर्थिक सहयोग प्रदान करने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की शुरुआत की गयी है। जिसमें पंजीकृत श्रमिकों को सालाना 7 हजार रुपए की सहयोग राशि दी जा रही है। आज के प्रतियोगी माहौल को देखते हुए स्कूली बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत करने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए। जहां बच्चे फीस की चिंता किए बगैर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण कर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यालयीन स्तर से ही तैयार हो सकें। योजना के तहत पहले जिला फिर विकासखंड मुख्यालयों में स्कूल खोले गए हैं। जिसका आगे विस्तार करने की योजना है। वनोपज संग्राहक परिवारों के भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एक ओर जहां तेंदूपत्ता के मानक बोरे के समर्थन मूल्य को 25 सौ से बढ़ाकर 4 हजार कर दिया गया। वहीं कई दूसरे वनोपजों का भी समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। जिससे इन परिवारों को आर्थिक संबल मिला है। पेयजल आपूर्ति के लिए भी गांवों में पानी टंकी निर्माण तथा नल कनेक्शन विस्तार का काम जारी है। उन्होंने बताया कि ऐसे उम्रदराज लोग जो बायोमेट्रिक मशीन से स्कैन कर राशन आहरण नहीं कर पा रहे थे उन्हें नामिनी के माध्यम से राशन प्राप्त करने का निर्णय भी शासन द्वारा लिया गया है।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने इस अवसर पर ग्राम-डूमरपाली, देवरी में सीसी रोड निर्माण, पानी टंकी निर्माण जैसे विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर मांगों और आवश्यकताओं को समझना है जिससे आगे विकास कार्यो की रूपरेखा तय की जा सके। इस मौके पर ग्रामवासियों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जिला पंचायत सदस्य पुनीता दिलीप पटेल, जनपद सदस्य सुशीला महंत, बरन सिंह ठाकुर, दिलीप पटेल, कन्हैया पटेल, कमला सिदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**जब बच्चों से हाथ मिलाकर पूछा कैसी चल रही है पढ़ाई-लिखाई-** उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज जन संपर्क में विभिन्न गांवों के दौरे पर रहे। देवरी में कार्यक्रम के बाद वहां मौजूद बच्चों को मिलने के लिए उत्सुक देख कर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल उनके बीच पहुंचे। उन्होंने बच्चों से हाथ मिलाकर उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया और आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480